# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

## पीठासीन अधिकारी :— श्रीमान अजीत सिंह राठौड़ (आर0ए0एस0) उपखण्ड अधिकारी

**राजस्व प्रकरण संख्या 262 / 2024**

**दायर तारीख 19.09.2024**

**अनवान**

1. बालु पुत्र चुन्नीलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
2. उजयन्ता पुत्री चुन्नीलाल पत्नि दिनेश जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम फतहपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
3. अलिता पुत्री चुन्नीलाल पत्नि गोपाललाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम माजी साहब का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
4. धापु पुत्री चुन्नीलाल पत्नि रामफूल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम जोलास तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
5. एजन पत्नि चुन्नीलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
6. रामलाल पुत्र प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
7. सीता पुत्री प्रभुलाल पत्नि मोहनलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम देवरी की नूण लक्ष्मीखेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
8. लीला पुत्री प्रभुलाल पत्नि शंकरलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम छोटा थड़ोदा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
9. प्यारी पत्नि प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
10. सुनिल कुमार पुत्र प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ... 2025, बिजौलियां

...........प्रार्थीगण

**बनाम**

राजस्थान सरकार मार्फत भूमिधारी जरिये तहसीलदार बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

........... विपक्षी

**उपस्थित** :— श्री रामफूल धाकड़, अधिवक्ता प्रार्थी।

## प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 131— 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

## —: निर्णय :—

दिनांक 09/07/2025

प्रार्थनापत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री रामफूल धाकड़ ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 131— 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** के तहत विरूद्ध विपक्षी प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की मौजा ग्राम केशुविलास, पटवार हल्का जावदा में स्थित आ0नं0 422 / 177 रकबा 3.00 बीघा भूमि प्रार्थीगण के नाम खातेदारी दर्ज रेकार्ड है।

निरन्तर पेज संख्या 02 पर

शिविर प्रभारी
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
सम्बल पखवाड़ा 2025, बिजौलियाँ

उक्त आराजी प्रार्थीगण के कब्जे काश्त, अधिकार स्वामित्व एवं उपयोग उपभोग में चली आ रही हैं तथा लगान राज्य सरकार में जमा कराते आ रहे हैं। प्रार्थीगण को अपनी आराजी संख्या 422/177 के राजस्व नक्शा ट्रेस की प्रति की आवश्यकता हुई तो पटवारी हल्का जावदा द्वारा जारी प्रतिलिपी पी–35 के क्रमांक 18 दिनांक 09.05.2022 से नक्शा ट्रेस की प्रति प्राप्त होने पर पता चला कि तहसीलदार बिजौलियां के अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा राजस्व नक्शे में काटपास कर आराजी संख्या 422/177 को राजस्व नक्शे आराजी संख्या 462/177 कर दिया गया जो गलत हैं। जिसको शुद्धि किया जाना आवश्यक हैं। तथा आराजी संख्या 462/177 रकबा 3.00 बीघा भूमि का आवंटन निरस्तीकरण की अपील न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर में विचाराधीन हैं। जिसका प्रार्थीगण की आराजी संख्या 422/177 रकबा 3.00 बीघा से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं हैं।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर मौजा ग्राम केशुविलास पटवार हल्का जावदा में स्थित आराजी संख्या 462/177 के स्थान पर राजस्व भू–नक्शा में आ0नं0 422/177 दुरुस्ती करने का आदेश फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी की तलबी जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र भेज करवायी गई।

तहसीलदार बिजौलियां के पत्रांक/राजस्व/2025/1073 दिनांक 02.07.2025 से प्राप्त रिपोर्ट में अंकित किया कि मौका पर्चा अनुसार प्रार्थीगण बालू पुत्र चुन्नीलाल धाकड वगैराह में न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय बिजौलियां में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम केशुविलास, प0ह0 जावदा में स्थित खसरा नं0 422/177 रकबा 3.00 बीघा भूमि हम प्रार्थीगणो के नाम खातेदारी दर्ज रेकार्ड होकर प्रार्थीगणो के कब्जा काश्त में चली आ रही है। दिनांक 12.06.2015 को जारी नक्शा ट्रेस की नकल में भूमि के खसरा नं0 422/177 राजस्व रेकार्ड अनुसार अंकित थी। प्रार्थीगण को अपनी उक्त आराजी नं0 के नक्शा ट्रेस की प्रतिलिपि की आवश्यकता होने से प0ह0 जावदा द्वारा दिनांक 09.05.2022 को जारी नक्शा ट्रेस की नकल लेने पर पता चला कि राजस्व नक्शे में काट–फांस कर खसरा नं0 422/177 को राजस्व नक्शे में 462/177 कर दिया है। जो गलत है, जिसको शुद्व किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में राजस्व रेकार्ड एवं मौका जांच की गई, विवरण निम्नानुसार हैं :–

1. ग्राम केशुविलास में आ0नं0 177/35 रकबा 19.03 बीघा भूमि मे से 3.00 बीघा भूमि मि0स0 385/85 से शम्भुसिंह पिता नन्दसिंह राजपूत सा. देह के नाम आवंटन हुई। आवंटन उपरान्त आवंटी के खसरा नं0 422/177 रकबा 3.00 बीघा भूमि दर्ज हुई है।
2. उक्त आराजी नं0 422/177 रकबा 3.00 बीघा भूमि की नक्शा लट्ठा में तरमीम होकर आवंटी का कब्जा काश्त था। उक्त भूमि आवंटी के वारीसान द्वारा बेचान किया जाने से रामलाल, सीता, लीला पिता प्रभु, प्यारी पत्नी स्व. प्रभु धाकड 1/3 सा. बडा नयागांव, सुनील कुमार पिता प्रभुलाल 1/3 धाकड सा. कल्याणपुरा, बालुलाल, उजयन्ता, अलिता, धापू पिता चुन्नीलाल मु. ऐजन बेवा चुन्नीलाल 1/3 धाकड सा. बडा नयागांव के नाम पर खातेदारी से दर्ज रेकार्ड है। मौका पर्चा अनुसार वर्तमान में आ0नं0 422/177 के खातेदारान् का नक्शा लट्ठा में ओवरराईटिंग होकर अंकित आ0नं0 462/177 की भूमि पर मौके पर चारदीवारी की जाकर आंशिक हिस्से पर काली मिट्टी डलवाई जाकर भूमि पर काश्त की जा रही हैं एवं आंशिक हिस्से पर (करीब 0.02 बीघा) भूमि पर पक्का मकान निर्माणाधीन है।
3. उक्त ओवरराईटिंग होकर अंकित आ0नं0 462/177 की भूमि पर मौतविरान अनुसार सोहन पिता प्रभु तेली निवासी केशुविलास व पार्वतीदेवी पत्नी रूपसिंह राजपूत निवासी बिजौलियां का कभी भी कब्जा काश्त नही रहा हैं आ0नं0 462/177 रकबा 3.00 बीघा भूमि सोहन पिता प्रभु तेली सा0 देह के नाम खातेदारी से दर्ज रेकार्ड है।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा 2025, बिजौलियाँ

शिविर प्रभारी
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
सम्बल पखवाड़ा 2025, बिजौलियाँ

पेज संख्या 03 पर

4. राजस्व रेकार्ड नक्शा लट्ठा एवं मौका जांच अनुसार ओवरराइटिंग होकर अंकित आराजी 462/177 पूर्व में नक्शा लट्ठा में 422/177 ही था। आ0नं0 422/177 में ही काट फांस की जाकर 422/177 को 462/177 किया गया है। नक्शा लट्ठा में आ0नं0 462/177 के स्थान पर आ0नं0 422/177 शुद्धि किया जाना उचित है।

अतः रिपोर्ट, मौका पर्चा, जमाबन्दी नकल की प्रतियां, नक्शा ट्रेस की प्रतियां संलग्न की है शामिल पत्रावली हैं।

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने दस्तावेज के साथ नकल जमाबन्दी ग्राम केशुविलास पटवार हल्का जावदा सम्वत् 2074 से 2077 खाता संख्या नया 109, नकल जमाबन्दी ग्राम केशुविलास पटवार हल्का जावदा सम्वत् 2074 से 2077 खाता संख्या नया 103, नक्शा ट्रेस की सत्यापित फोटोप्रति, भूमि जोत खातेदारी (डायरी), नक्शा ट्रेस 19.02.2007, नक्शा ट्रेस, तहसीलदार मय पटवारी एवं भू0अ0नि0 रिपोर्ट, नकल प्रार्थना पत्र की छाया प्रति संलग्न की है।

बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण एवं पैरोकार सरकार की सुनी गई पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना के अनुसार राजस्व नक्शे में आराजी नम्बर दुरुस्ती करवाना चाहा हैं एवं पैरोकार सरकार ने उक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में जवाब प्रस्तुत किया हैं।

पैरोकार सरकार स्वयं ने अपने उक्त जवाब में अंकित किया कि ग्राम केशुविलास प0ह0 जावदा में स्थित आराजीयात राजस्व रेकार्ड नक्शा लट्ठा एवं मौका जांच अनुसार ओवरराइटिंग होकर अंकित आ0नं0 462/177 पूर्व में नक्शा लट्ठा में 422/177 ही था। आ0नं0 422/177 में ही काट–फांस की जाकर 422/177 को 462/177 किया गया है। नक्शा लट्ठा में आ0नं0 462/177 के स्थान पर आ0नं0 422/177 शुद्धि किया जाना उचित है।

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं दस्तावेजात का अवलोकन एवं पैरोकार सरकार के जवाब पर मनन किया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व नक्शे में आराजी नम्बर को दुरुस्ती किये जाने का आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते है।

## –: आदेश :–

अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 131–136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम केशुविलास पटवार हल्का जावदा में स्थित आराजी संख्या 462/177 के स्थान पर राजस्व भू–नक्शा में आ0नं0 422/177 दुरुस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते है। पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें।

आदेश आज दिनांक 09/07/2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अजीत सिंह राठौड़)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
संबल पखवाड़ा 2025, बिजौलियां

राजस्थान सरकार

# कार्यालय उपखण्ड़ अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

क्रमांक / रीडर / 2025 / Camp/37

प्रेषिति :–

दिनांक : 09/07/2025

तहसीलदार
बिजौलियां

विषय :– राजस्व प्रकरण संख्या 262 / 2024 दायर तारीख 19.09.2024 में पारित निर्णय की पालना बाबत्।

**अनवान**

1. बालु पुत्र चुन्नीलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
2. उजयन्ता पुत्री चुन्नीलाल पत्नि दिनेश जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम फतहपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
3. अलिता पुत्री चुन्नीलाल पत्नि गोपाललाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम माजी साहब का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
4. धापु पुत्री चुन्नीलाल पत्नि रामफूल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम जोलास तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
5. एजन पत्नि चुन्नीलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
6. रामलाल पुत्र प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
7. सीता पुत्री प्रभुलाल पत्नि मोहनलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम देवरी की नूण लक्ष्मीखेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
8. लीला पुत्री प्रभुलाल पत्नि शंकरलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव हाल मुकाम छोटा थड़ोदा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
9. प्यारी पत्नि प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बड़ा नयागांव तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।
10. सुनिल कुमार पुत्र प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।

...........प्रार्थीगण

**बनाम**

राजस्थान सरकार मार्फत भूमिधारी जरिये तहसीलदार बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

........... विपक्षी

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि उक्त प्रकरण संख्या 262 / 2024 में प्रार्थीगण की मौजा ग्राम केशुविलास पटवार हल्का जावदा स्थित भूमि के सम्बन्ध में न्यायालय निर्णयनुसार राजस्व नक्शे में तरमीम कर पालना रिपोर्ट अन्दर 10 दिवस मे इस न्यार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– आदेश की प्रति,

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा 2025, बिजौलियां

(अजीत सिंह राठौड़)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां